PART-1

पुनर्जागरण काल के प्रमुख खोज यात्री- अमेरिगो वसपुक्की

डॉ. राजेश कुमार सिंह, भूगोल विभाग

सर्व नारायण सिंह राम कुमार सिंह महाविद्यालय, सहरसा

पुनर्जागरण काल के अन्य खोज यात्री (Other Explorers of Renaissance Period)

पुनर्जागरण काल में पन्द्रहवीं से सत्रहवीं शताब्दी के मध्य कई अन्य साहसी नाविकों ने समुद्री यात्राएं करके नये-नये मार्गों, द्वीपों, देशों आदि की खोज किया। उनमें से कुछ प्रमुख खोजयात्री निम्नलिखित हैं-

(ii) अमेरिगो वसपुक्की (Amerigo Vespucci)- पुर्तगाली खोज यात्री अमेरिगो वसपुक्की ने 1500 में अटलांटिक महासागर को पार करते हुए अंटार्कटिका महासागर के निकट स्थित दक्षिणी जार्जिया की खोज की थी और वहाँ अपना झण्डा लहराया था। इस खोज अभियान में वह पुर्तगाल से दक्षिण की ओर बढ़ता हुआ दक्षिण अमेरिका के ब्राजील तट पहुँचा और वहाँ से दक्षिणी अमेरिका के पूर्वी तट से होता हुआ प्लेट नदी के एस्चुअरी (ज्वारनदमुख) तक की यात्रा की और एक विशाल महाद्वीप की मुख्य भूमि पर पैर रखने वाला प्रथम यूरोपीय बन गया । इसीलिए

अमेरिंगो वसपुक्की के नाम पर नयी दुनिया (New World) का नाम अमेरिका (America) रखा गया।